हाथ में तिरंगा, जुबां पर नारा - कब दोगे जवाब

हर जगह नजर आया विरोध, शहीदों को सलाम ◆ अमरावती में आक्रोश की ज्वाला

प्रतिनिधि, 17 फरवरी अमरावती - कश्मीर के अवंतीपुरा में हमले में शहीद जवानों के लिए रविवार को तीसरे दिन भी पूरा शहर एकजुट नजर आया. आतंकी हमले का जगह-जगह विरोध और शहीदों को सलाम कर श्रध्दांजलि अर्पित की गयी. कैंडल मार्च निकालकर लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया. आई. विविध सेवाभावी संगठनों के अलावा अब दर्जनों श्रध्दांजलि सभाओं के माध्यम से अमरावती में आक्रोश की ज्वाला नजर आई. विविध सेवाभावी संगठनों के अलावा अब विरोध की मशाल शहर के हर इलाके में दिखाई पड़ रही है. मानो विरोध व निषेध करने वाले सरकार से एक ही सवाल पूछ रहे हैं कि आतंकी हमले का पाकिस्तान को कब जवाब देंगे.

आतंकवाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद का लगाया नारा

विदर्भ में मौसम पूर्वानुमान - 18-2-2019

स्थान	तापमान
अमरावती	33-16
अकोला	34-16
बुलढाणा	34-16
वाशिम	33-16
यवतमाल	33-16
वर्धा	32-16
नागपुर	32-16
चंद्रपुर	33-16
गोंदिया	32-14
ब्रह्मपुरी	33-15

मायादेवी मोटवानी का निधन, अंत्येष्टि आज

प्रतिनिधि, 17 फरवरी

बडनेरा- न्यू मोबाइल प्वाइंट के संचालक रविकुमार मोटवानी की माताजी मायादेवी किशोरकुमार मोटवानी (55) का रविवार की सुबह निधन हुआ.

सोमवार, 18 फरवरी की सुबह 9 बजे उनका निवास स्थान सिंधी कैम्प नई बस्ती बडनेरा से उनकी अंतिम यात्रा निकलेगी. उनके पश्चात पति किशोरकुमार, पुत्र रवि व उमेश, 4 पुत्रियां व उनके पिताजी किशनचंद जोतवानी सहित आप्तजनों का भरा पूरा परिवार है.

आज श्रद्धांजलि कार्यक्रम

प्रतिनिधी, 17 फरवरी

अमरावती- तीर्थंकर फाऊंडेशन अमरावती व सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से श्रध्दांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. जम्मू-काश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपूरा में गुरुवार को आतंकियों ने किये हमले में 40 से ज्यादा जवान शहीद हुए. आज 18 फरवरी 2019 को शाम 7.00 बजे सैतवाल दिगंबर जैन मंदिर, बुधवारा में शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजली दी जा रही है. इस श्रद्धांजली सभा आप सभी दिगंबर जैन समाज बंधू ज्यादा से ज्यादा शामिल होने का आव्हान जैन समाज द्वारा किया गया है.

आतंकी हमले के निषेध में आज चांदूर रेलवे बंद

चांदूर रेलवे - पुलवामा आतंकी हमले के निषेध में सोमवार, 18 फरवरी को चांदूर रेलवे बंद का ऐलान किया गया है. इसके पहले गाड़गेबाबा मार्केट से कैंडल मार्च निकालकर श्रध्दांजलि अर्पित की गयी थी. सोमवार को सर्वदलीय, सामाजिक संगठन धार्मिक व व्यापारी संगठन द्वारा आजाद पुतला से पुराना मोटर स्टैंड तक निषेध रैली निकाली जाएगी. शाम 6.30 बजे मुस्लिम समुदाय व मित्र परिवार की ओर से सुभाष प्राथमिक स्कूल से कैंडल मार्च निकाला जाएगा.

शराब के लिए छीनाझपटी

अमरावती - गाड़गे नगर थाना अंतर्गत शराब के लिए छीनाझपटी की दो वारदातें हुईं. विलास नगर मनपा हॉस्पिटल के पास प्रवीण राजेंद्र इंगले (30, भीमनगर) अपने घर शाम को लौट रहा था. आरोपी उमेश जानराव तंतरपाले (विलासनगर) ने उससे शराब के लिए पैसे मांगे. प्रवीण द्वारा इन्कार करने पर नकद 1500 रुपए और सैमसंग कंपनी का मोबाइल छीनकर फरार हो गया. दूसरी घटना गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक के सामने गाड़गेनगर में हुई. विजय गिरधरराव भूसार (36, विलास नगर) अपनी फल की हाथगाड़ी पर खड़ा था. आरोपी ऋषिकेश गजानन भगत (गाड़गेनगर) वहां पहुंचा और शराब के लिए गल्ले से 2 हजार रुपए छीनकर भाग गया. दोनों ही मामले में धारा 392 के तहत अपराध दर्ज किया गया है.

रामपुरी कैम्प में वंदे मातरम से श्रद्धांजलि

पाकिस्तान का झंडा फूंका
आतंकी हमले का निषेध

प्रतिनिधि, 17 फरवरी

अमरावती - स्थानीय सिंधी समाज द्वारा रामपुरी कैम्प स्थित मिठू की चक्की के चौक पर पुलवामा के शहीद सैनिकों को श्रध्दांजलि अर्पित की गई. उपस्थितों ने आतंकियों के कायराना हमले का निषेध किया. आर-पार की लड़ाई पाकिस्तान से लड़ने की भावना व्यक्त की गई. इस अवसर पर भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद के जोशपूर्ण नारे लगाये गये. पश्चात सामूहिक रुप से वंदे मातरम गीत गाकर बिगुल के साथ शहीद जवानों को श्रध्दांजलि अर्पित की. शोक संतप्त नागरिकों ने पाकिस्तान का झंडा फूंका. इस अवसर पर पार्षद सोनाली, नाईक, सचिन नाईक, सागर खेड़कर, अनिल साहू, मोहित भोजवानी, बंटी पारवानी, शंकर पमनानी, रामचंद पिंजानी, अमृत गंगवानी, सुनील बुधवानी, राजेश धनकानी, आत्माराम देशराजे, मोतीराम दलवानी, सुरेश पंजवानी, इंदरलाल गंगवानी, सुनील गोधवानी, प्रताप मदनानी, दिलीप नावानी, किशन बसंतवानी, रमेशलाल बजाज, रामगोपाल छेडानी, *शेष पृष्ठ 2 पर*

रामपुरी कैम्प शिव मंदिर परिसर में शहीदों को श्रद्धांजलि

प्रतिनिधि, 17 फरवरी

अमरावती - पार्षद श्रीचंद तेजवानी मित्र मंडल, पूज्य पंचायत रामपुरी कैम्प बढ़ते कदम सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में रविवार की शाम 6 बजे रामपुरी कैम्प शिव मंदिर परिसर में शहीद सैनिकों को श्रध्दांजलि अर्पित की गयी.

पार्षद तेजवानी ने शोक संवेदना में आतंकी हमले को कायराना कहते हुए मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत पर बल दिया. उपस्थितों ने भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद, शहीद जवान अमर रहें, वंदे मातरम के नारे लगाए. शहीद स्तंभ के सामने मोमबत्तियां प्रज्वलित कर श्रध्दांजलि अर्पित की गयी. इस अवसर पर मोहनलाल आहूजा, केशवलाल छाबड़िया, मिलनमल जेसवानी, नारायणदास गोधवानी, मुरलीधर उदासी, मोतीराम मनोजा, गेडीमल पुरसवानी, मनीष बजाज, वासुदेव क्रिष्णानी, विशाल पिंजानी, राहुल हरवानी, गोविंद गोधवानी, डेटाराम हरवानी, रामचंद मेठानी, जवाहरलाल टावरानी, मुरलीधर मेघानी, रमेशलाल बढेजा, राजा खत्री, गोविंद खत्री, अजय पोपटानी, ईश्वर माखीजा, हरीश मेठानी, दीपक वाधवानी, राजकुमार राजदेव, विक्की तख्तानी, दीपक तख्तानी, शोभराज भाषाणी, विजय त्रिकोटी, दिलीप दासमलानी, प्रकाश देवाणी, अनिल जीवतानी, अनिल पिंजानी, किशोर पुरसवानी, *शेष पृष्ठ 2 पर*

शहीद स्तंभ के सामने मोमबत्तियां जलाई

माहेश्वरी पंचायत द्वारा शहादत को सलाम

प्रतिनिधि, 17 फरवरी

अमरावती - जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकी हमले में शहीद सैनिकों को माहेश्वरी पंचायत की रविवार को आहुत माहेश्वरी भवन में वार्षिक साधारण सभा में मोमबत्तियां जलाकर मौन श्रध्दांजलि अर्पित की गयी. भारत माता की जय के नारे लगाए गए. पश्चात औपचारिक रूप से सभा का कामकाज निपटाया गया. कायराना आतंकी हमले का निषेध सभा में छाया रहा. मंच पर माहेश्वरी पंचायत के अध्यक्ष विजयकुमार करवा, सचिव जगदीश कलंत्री, उपाध्यक्ष सुरेश साबू, सहसचिव जयप्रकाश सारडा, सदस्य मधुसूदन करवा, नंदकिशोर राठी, गोपालदास राठी, दिनेश भुतड़ा, सुभाष चांडक, विनोद जाजू, केसरीमल झंवर, विजय चांडक, संजय राठी, पूर्व अध्यक्ष सुभाष राठी उपस्थित थे. साथ ही इस अवसर पर जयप्रकाश सारडा, सुरेश साबू, सुभाष चांडक, रीतेश चांडक, ओमप्रकाश राठी, रमनकुमार सोनी, ओमप्रकाश चांडक, प्रणित चांडक, मनमोहन सारडा, सुभाष राठी, दिनेश भुतड़ा, नंदकिशोर राठी, विनोद जाजू, विजयप्रकाश चांडक, मधुसूदन करवा, संतोषकुमार हेडा, भगवानदास जाजू, रामविलास मुंधड़ा, शंकर नारायण करवा, नंदकिशोर कलंत्री, संजयकुमार राठी, सत्यनारायण जावरिया, डॉ. जे.एस. सिकची, ठाकुरदास राठी, *शेष पृष्ठ 2 पर*

मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को मौन श्रद्धांजलि

मधुर मॉ.	680-4	669-1
मधुर डे	278-7	249-5
धन. डे	670-3	268-6
काम.डे	169-6	677-0

भारत माता की जय, वंदे मातरम से गूंजा परिसर

बिजासेन माता मंदिर द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित

प्रतिनिधि, 17 फरवरी

अमरावती - जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले से देश का हर नागरिक पाकिस्तान के प्रति आक्रोश जता रहा है. सरकार से शहीदों की मौत के बदले की मांग कर रहा है. इस घटना की कड़ी निंदा की जा रही है. हमले में शहीद हुए जवानों को मोमबत्ती जलाकर श्रध्दांजलि देने का आयोजन मसानगंज के बिजासेन माता मंदिर द्वारा किया गया. इस वक्त मंदिर के कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासियों का दीदी से कहना रहा कि आतंक पर करारे प्रहार की जरूरत है. आज जिन्होंने हमारी सुरक्षा के लिए अपनी जान का बलिदान दे दिया है. उन जवानों की शहादत का बदला लो, आखिर कब तक देश के जवान शहीद होते रहेंगे. यहि उचित समय है कि सरकार पाकिस्तान का सफाया कर दे. ऐसा परिसरवासियों *शेष पृष्ठ 2 पर*

आराधना की शहीदों को प्रेरणादायी श्रद्धांजलि

एक दिन सेल की 10 फीसद रकम शहीद जवान सहायता निधि को दान

प्रतिनिधि, 17 फरवरी

अमरावती - कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद वीर सैनिकों को सर्वत्र श्रध्दांजलि दी जा रही है और आतंकी हमले का निषेध किया जा रहा है. अमरावती जिला ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विदर्भ में सुविख्यात आराधना शोरूम प्रबंधन ने शहीद वीर सैनिकों को प्रेरणादायी व समाज के लिए अनुकरणीय श्रध्दांजलि अर्पित की है. सोमवार को दिनभर होने वाली सेल (बिक्री) की 10 फीसद रकम शहीद जवानों को सहायता निधि समर्पित की जाएगी.

आराधना के संचालक पूरणलाल हबलानी ने बताया कि आतंकियों के आत्मघाती हमले में शहीद सैनिकों के परिवारों की अपरिमित हानि हुई है. यह नुकसान नहीं भर सकेगा. मगर शहीदों के परिवार को मानसिक आधार देने के लिए संपूर्ण भारत देश उनके साथ है. इसी का एक हिस्सा आराधना परिवार बनने जा रहा है. शहीदों के परिवारों को सही मायने में मदद करना है तो मोर्चा, बंद में टाइमपास करने की बजाय ज्यादा काम कर अधिक कमाई करें और दिनभर कमाई किए गए रकम का एक हिस्सा अर्थात एक दिन संपूर्ण सेल की 10 प्रतिशत रकम शहीद जवान सहायता निधि को प्रदान करने का निर्णय लिया गया. आराधना की शहीद सैनिकों को प्रेरणादायी व अनुकरणीय श्रध्दांजलि है.

घर बैठे क्रांति नहीं आती

- बंद वाले पूरा दिन घर में बैठकर गप्पे मारना.
- टीवी देखने के अलावा हम क्या करेंगे.
- कोई मोर्चा होगा तो 2 घंटे टाइमपास कर लेंगे, इससे क्या हासिल होगा.
- अगर सही में आर्मी के लिए कुछ करना चाहते हो तो बंद वाले दिन ज्यादा काम करो,
- ज्यादा कमाओ और उस एक दिन की पूरी कमाई देश को, सेना को समर्पित कर दो
- ये होगी सच्ची श्रध्दांजलि, घर बैठे क्रांति नहीं आती.

सौजन्य - आराधना, जवाहर रोड, अमरावती.

उठावणा

सुचित करते हुए अत्यंत दुःख होता है कि, हमारी माताजी **स्व.श्रीमती रंभाबाई लक्ष्मीनारायणजी लढ्ढा** (वलगांववाले) इनका देहांत रविवार, दि. 17 फरवरी 2019 को हुआ.

जिनका **उठावणा आज सोमवार, दि. 18 फरवरी 2019 को दोपहर 4 बजे हमारे निवासस्थान, श्री सदन, मेन रोड, वलगांव, ता.जि. अमरावती** में रखा गया है.

शोकाकुल - गोपालदास, पुरुषोत्तम, बंकटलाल, द्वारकादास, रमेशचंद्र लढ्ढा एवं परिवार. (9096705555)